# सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

सं. 4/2-2/20/2025-स्था.I दिनांक: 04.04.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: विज्ञापन सं. 01/2025 दिनांक 07.02.2025 के अंतर्गत प्रशासनिक पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजित करने के संबंध में।**

संस्थान के विज्ञापन सं. 01/2025 दिनांक 07.02.2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रशासनिक पदों [कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) और कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी/ अंग्रेजी)] पर भर्ती हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि -

- कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी/ अंग्रजी) की लिखित परीक्षा दिनांक 27.04.2025 को प्रातः 10:30 बजे से 12:30 बजे तक सीरी विद्या मंदिर, सीरी कैम्पस, पिलानी में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का रिपोर्टिंग समय प्रातः 09:30 बजे है।
- कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) की लिखित परीक्षा (पेपर-I व पेपर-II) दिनांक 27.04.2025 को दोपहर 02:30 बजे से 05:30 बजे तक सीरी विद्या मंदिर, सीरी कैम्पस, पिलानी में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का रिपोर्टिंग समय दोपहर 01:00 बजे है।
- लिखित परीक्षा के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को योग्य माना जाएगा जो टाइपिंग टेस्ट/ प्रवीणता परीक्षा में क्वालिफाई (qualify) करेंगे तथा दस्तावेज आधारित छंटनी में योग्य पाए जाएंगे, जैसा कि विज्ञापन सं. 01/2025 के पेज 2 के पैरा Note: Important में उल्लेखित है। लिखित परीक्षा के लिए योग्य व अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची शीघ्र जारी की जा रही है।
- लिखित परीक्षा के लिए जारी की जानी वाली सूची के अनुसार योग्य पाये जाने वाले किसी अभ्यर्थी का यदि ऑनलाइन प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड नहीं होता है तो कृपया ई-मेल - recruitment@ceeri.res.in पर अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर व मोबाइल नंबर के साथ ई-मेल करें।
- कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) में अना/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए पेपर-I में न्यूनतम अर्हकारी अंक (Qualifying marks) - 40%
- कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) में अजा/ अजजा/ दिव्यांगजन श्रेणी के लिए पेपर-I में न्यूनतम अर्हकारी अंक (Qualifying marks) - 35%

उक्त सभी अपडेट्स (updates) हेतु सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट www.ceeri.res.in को नियमित रूप से देखें।

04/04/2025

(जे.एस. शरण)

प्रशासन नियंत्रक